an>

Title: Regarding alleged irregularities in the implementation of Indira Awas Yojana in Shahjahanpur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'इन्दिरा आवास योजना' की तरफ ध्यान दिलाना चाहती हूं। इस योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले लोगों को आवास उपलब्ध कराना है। आज हमारे भारत सरकार का भी उद्देश्य है कि देश में वर्ष 2022 तक सभी परिवारों के सिर के ऊपर छत हो। लेकिन, जब हम ज़मीन पर जाकर देखते हैं तो पाते हैं कि आज भी किसी का आवास एक के साथ-साथ चार बनता जा रहा है और उसी के साथ किसी गरीब, जो बी.पी.एल. कहा जाता है, उसके पास आज भी झोपड़ी ही है। इस तरह से हमारी सरकार की जो मंशा है और पिछली सरकारों की जो मंशा थी, वह पूरी होती नहीं दिखती है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर से आती हूं। मैं यह बताना चाहूंगी कि जो अनियमितता है, वह बीपीएल के नाम से करते हैं, लेकिन कहीं न कहीं भ्रष्टाचार के कारण हमें जिनको यह आवास देना चाहिए, उनको नहीं मिल पाता है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगी कि सरकार बीपीएल और आबंटन सूची पूरे देश की मंगाकर देखेगी, तब जाकर हमारा उद्देश्य पूरा होगा।

दूसरा, भारत सरकार की इंदिरा आवास योजना है। मैं कहना चाहूंगी कि सबसे ज्यादा बीपीएल वह परिवार हो जाता है, जब किसी गांव में आग लगती है और गरीब का झोपड़ा जलता है, ऐसे में सब कहते हैं कि आवास दीजिए और आवास उपलब्ध कराइए। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगी कि अगर बाढ़ में घर बह जाता है और आवास जल जाता है, तो उससे ज्यादा बीपीएल कोई परिवार नहीं होता है। उनके लिए विशेष संशोधन करके आवास की अलग से व्यवस्था की जाए। ऐसी हमारी भारत सरकार से आपके माध्यम से मांग है। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री सुशील कुमार सिंह, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री शरद त्रिपाठी, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती कृष्णा राज द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।